RAF SECTOR

NEWS CLIP

12/06/19

CENTRAL RESERVE POLICE

26th Anniversary RAPID ACTION FORCE

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat Khabar (Jamshedpur,JKD)

रैफ 106 में नये मेस भवन का आइजी ने किया उद्घाटन

जमशेदपुर. रैफ के आइजी अरुण कुमार सुंदरनगर स्थित रैप 106 बटालियन में मंगलवार को आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने पहुंचे. आइजी अरुण कुमार और 106 बटालियन के कमांडेंट पीके सिंह ने सबसे पहले

वाहिनी में चल रहे ट्रेनिंग प्रोग्राम का निरीक्षण किया और जवानों का मनोबल बढ़ाया. वहीं, आइजी ने कैंपस में बनें नये मेस भवन का उद्घाटन किया. इस दौरान जवानों ने आइजी के समक्ष शारीरिक क्षमता का परिचय देते हुए बगैर हथियार के लड़ाई का डेमो प्रस्तुत किया, जिसकी सराहना अधिकारियों ने की. इसी दौरान लगाये गये शिविर में आइजी ने स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी और पौधरोपण व जल संचय के प्रति जागरूक किया.

Punjab Kesri (Delhi)

बंगाल की हिंसा हुई बेलगाम

72 घंटों में 9 लोगों की हत्या, बम धमाके में 2 लोगों की मौत

एजेंसी/कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सियासी संघर्ष के बीच खूनी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को बशीरहाट हिंसा में चार लोगों की हत्या के बाद रविवार और सोमवार को भाजपा और आरएसएस के दो कार्यकर्ताओं के शव पेड़ से लटके मिले थे। वहीं, सोमवार की ही रात उत्तर 24 परगना के कांकीनारा इलाके में हुए बम धमाके से लोग दहशत में हैं। इस बम धमाके में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। मरने वाला टीएमसी का कार्यकर्ता बताया जा रहा है। बंगाल में शनिवार से लेकर सोमवार रात तक महज 72 घंटों में 9 लोगों की हत्या हुई है। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सोमवार रात अज्ञात बदमाशों ने देसी बम धमाके किए, जिसमें जानमाल का नुकसान हुआ। बम धमाके के बाद से लोग दहशत में हैं। इलाके में कुछ घरों में लूट की भी खबरें सामने आ रही हैं। लोगों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। (पृष्ठ 3 भी देखें)

उत्तर 24 परगना के कांकीनारा में बम धमाके में दो लोगों की मौत के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस।

तृणमूल कार्यकर्ता की पीट-पीट कर हत्या

सोमवार रात राज्य के पूर्वी बर्धवान जिले के घलसी में तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता जैकब रॉय (50) की पीट-पीट कर हत्या कर दी गयी। तृणमूल ने जैकब रॉय की हत्या का आरोप भाजपा पर लगाया है हालांकि भगवा दल ने इससे इनकार किया है। जैकब रॉय तीन तृणमूल कार्यकर्ताओं के साथ घर लौट रहे थे तभी एक समूह ने उन पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया और उन्हें पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पेड़ से लटके मिले भाजपा-संघ कार्यकर्ता के शव

सोमवार को भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ता के शव पेड़ से लटके मिले। भाजपा कार्यकर्ता समातुल दोलुई के शव को हावड़ा के सरपोता गांव के लोगों ने खेतों में पेड़ से लटका हुआ पाया। भाजपा नेताओं और दोलुई के परिवार ने इसका आरोप तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर लगाया है। हावड़ा (ग्रामीण) के भाजपा अध्यक्ष अनुपम मलिक ने कहा, 'दोलुई भाजपा का एक सक्रिय सदस्य था और लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी को उसने अपने बूथ से बढ़त दिलाई थी। अपने इलाके में 'जय श्री राम' की रैली निकालने के बाद से ही उसे जान से मारने की धमकियां मिल रही थी। टीएमसी के असामाजिक तत्वों ने लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद उसके घर में तोड़-फोड़ की थी।' दोलुई के शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाते समय कुछ बदमाश उसे छीनने की कोशिश कर रहे थे। जिसका कुछ गांववालों ने विरोध किया और जिला प्रशासन से रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की तैनाती करने के लिए कहा। इससे एक दिन पहले आरएसएस के वरिष्ठ नेता स्वदेश मन्ना भी अत्पाता गांव में पेड़ से लटके हुए मिले थे। मन्ना पिछले कुछ दिनों से जय श्रीराम की रैलियां निकाल रहे थे।

CS Scanned with CamScanner

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।